आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बांसवाड़ा के नापला से देशवासियों को 1 लाख 22 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें परमाणु विद्युत, अक्षय ऊर्जा, रेल, सड़क और पेयजल सहित अन्य परियोजनाएं शामिल है। प्रधानमंत्री केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह देश के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक होगा जो विश्वसनीय आधार भार ऊर्जा की आपूर्ति करेगा और पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित परमाणु ऊर्जा परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री हरित ऊर्जा और विद्युत परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में पीएम–कुसुम योजना के अंतर्गत 16 हजार 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन भी आज होगा। साथ ही कई जल संसाधन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम है। श्री मोदी वर्चुअल माध्यम से तीन रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाएंगे, इनमें बीकानेर–दिल्ली कैंट तथा जोधपुर –दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और उदयपुर सिटी–चंडीगढ़ एक्सप्रेस शामिल हैं। श्री मोदी प्रदेश के नवनियुक्त 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी रोजगार उत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

0000

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज उन्हें प्रदेशभर में याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में पंडित दीनदयाल जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। साथ ही समाज के अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोडने के लिए प्रेरित करता है। पंडित दीनदयाल की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जोधपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शिरकत की। श्री शेखावत ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की और लोगों से उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने को कहा। जयपुर के धानक्या में पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर रोजगार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

0000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि 'स्वच्छ भारत अभियान' एक क्रांति के रूप में देश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र आज उसी क्रांति के एक हिस्से के रूप में स्वच्छता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी उपस्थित थे। इधर राजधानी जयपुर में रामनिवास बाग में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एक दिन, एक घंटा एक साथ सफाई अभियान में जयपुर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल सहित कई जन प्रतिनिधि और निगम अधिकारियों ने सफाई की और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान श्री पटेल ने दस स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान भी किया। जैसलमेर के रामदेवरा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग शामिल हुए।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर स्थित अपने आवास पर प्रवासी राजस्थानी दिवस के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होने वाला पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस प्रवासी राजस्थानियों को एक साझा मंच उपलब्ध करायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कल हैदराबाद में होने वाली प्रवासी राजस्थानी मीट की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम को

सफल बनाने के निर्देश दिए। इस मीट में प्रवासी उद्यमियों, निवेशकों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग और निवेश की नई संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 सितम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000